## महत्वपूर्ण एवं खास

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मनोज सिंह मंडावी करेंगे ध्वजारोहण

**रायगढ़।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मनोज सिंह मंडावी प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे एवं संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे मिनी स्टेडियम में शुरू होगा। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मंडावी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे। इसके पश्चात वे कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा एवं मार्च पास्ट की सलामी ली जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह में उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मनोज सिंह मंडावी विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं शासकीय अधिकारियों.कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करेंगे।

### ताला तोड़कर डेढ़ लाख रूपए का सोना–चांदी पार, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**रायपुर (आरएनएस)।** पावर हाउस में ताला तोड़कर डेढ़ लाख रूपए के सोने–चांदी की चोरी का मामला सामने आया है। दरअसल पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें 2 चोर दुकान का शटर तोड़ते नजर आ रहे है। पावर हाउस स्थित जवाहर मार्केट में देर रात दो चोर गोल्ड व सिल्वर रिफाइनरी और सिल्वर वाइब्रेटर पालिश दुकान में चोरी करने पहुंचे। उन्होंने दुकान की शटर का ताला तोड़ा। उसके बाद अंदर जाकर वहां से डेढ़ लाख से अधिक कीमत का सोना चांदी ले गए। दुकान का संचालक शशिकांत फड़तरे वैशाली नगर का रहने वाला है। दुकानदार ने पुलिस को बताया कि दुकान के अंदर तिजोरी में रखे एक तोला सोने का छोटा टुकडा, 1547 ग्राम शुद्ध चांदी का छर्रा, 1780 ग्राम चांदी के पायल, बर्तन, सिंदूर डिब्बा और अन्य चांदी के सामान चोरी हुआ है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### रायपुर खनिज विभाग के उड़नदस्ता टीम की कार्यवाही

**» देवीपुर स्थित खदान एवं क्रेशर को किया गया सील**

**सूरजपुर (आरएनएस)।** तहसील सूरजपुर के ग्राम देवीपुर में स्थित क्रेशर एवं खदान में एमएमडीआर एक्ट 1957 गौण खनिज नियम 2015 छत्तीसगढ़ खनिज खनन, परिवहन तथा भंडारण नियम 2009 के अंतर्गत जांच के दौरान खनन एवं भंडारण नियमों का उल्लंघन पाया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर रायपुर खनिज विभाग के उड़नदस्ता टीम द्वारा देवीपुर में स्थित श्रीमती मीना गोयल के क्रेशर एवं खदान पर कार्यवाही करते हुए खदान व क्रेशर को सील कर दिया गया है। उड़नदस्ता की टीम ने सक्षम अधिकारी के आदेश तक संबंधित क्रेशर एवं खदान नहीं खोलने और उपयोग नहीं करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के नियमों का उल्लंघन करने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी तथा 7 दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक : राज्यपाल उइके

**» राज्यपाल छिंदवाड़ा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती पर आयोजित कार्यकंम में हुई शामिल**




**रायपुर (आरएनएस)।** नेताजी सुभाषचन्द्र बोस देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक थे। उनके राष्ट्र के प्रति त्याग एवं बलिदान की भावना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक बिल्कुल नई दिशा और दशा प्रदान की। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण, देश को आजाद देखने की प्रबल भावना और उनके अदम्य साहस भरे कदमों ने तत्कालीन समय में देश में एक नवीन ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया था। यह बात राज्यपाल सु अनुसुईया उइके ने अपनी संबोधन में कही। राज्यपाल मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस कार्यकंम में शामिल हुई। कार्यकंम में 21 विभूतियों का हम परिवार द्वारा सम्मान किया गया। राज्यपाल सु उइके ने कहा हम फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों की सराहनीय की।

राज्यपाल ने छिंदवाड़ा के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया। उन्होंने उन सभी सेनानियों को याद किया, जिनके बारे में लोगों को जानकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के जन्म स्थान पर उनका स्मारक बनाया जाए। राज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती 23 जनवरी के दिन से गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत की जा रही है। उनकी जयंती को पराकंम दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि नेताजी दूरदृष्टि रखते थे और देश को स्वतंत्र कराने की रणनीति तैयार की। इसके लिए उन्होंने देश को भी छोड़ दिया। आजाद हिन्द फौज की कमान राष्ट्रवादी नेता रासबिहारी बोस ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को सौंपी। उनके नेतृत्व में आजाद हिन्द फौज को एक संगठित स्वरूप प्रदान किया।

सुश्री उइके ने कहा- आजाद हिन्द फौज के सैनिकों का पहली बार नेतृत्व करते हुए नेताजी ने कहा था कि 'आजाद हिन्द फौज के सिपाहियों! आज का दिन मेरे जीवन का सर्वाधिक गौरवशाली दिन है। आज मुझे समस्त भारत को यह सूचित करते हुए अपार गौरव और अद्भुत आनन्द का अनुभव हो रहा है कि भारत की स्वाधीनता सेना का निर्माण हो गया है। यह फौज भारत को स्वतंत्र ही नहीं करेंगी वरन् स्वतंत्र भारत की भावी सेना का निर्माण भी इसी के द्वारा होगा।

राज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा' का नारा दिया, जिसने हर भारतवासी के हृदय में अवर्णनीय उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया था। आजाद हिन्द फौज में पारस्परिक अभिवादन तथा युद्ध घोषणा के लिए ''जयहिन्द'' का प्रयोग किया जाता था। इससे राष्ट्रीय एकता को बल मिला। ''जयहिन्द'' का नारा आजाद हिन्द फौज तक ही सीमित न होकर आज हमारा राष्ट्रीय अभिवादन बन गया है।

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का ओजस्वी व्यक्तित्व, अभूतपूर्व संगठन क्षमता, साहस, निष्ठा एवं नेतृत्व के अद्भुत गुण हमेशा याद किए जाएंगे। उनके विचार एवं आदर्श हमारे लिए धरोहर की तरह है और हमेशा रहेंगे। हम उनके योगदान को कभी नहीं भुला सकते हैं। इस अवसर पर विवेक बंटी साहू व निशिकांत चौधरी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**कार्यकंम में विभिन्न प्रतिभाशाली व्यक्तियों का किया सम्मान-** कार्यकंम में 1971 के युद्धों के सैनिक एवं विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। रेसलिंग में शिवानी पवार, कुश्ती में पूर्वा ठाकरे, किंकेट में निकिता कोलटकर, बैडमिंटन में भाग्य करडे, बैडमिंटन में अभिनय साहू, बाल पुरस्कार में मेराज फातिमा, किंकेट में सृष्टि नागपुरे, मोटिवेटर में अमन जैन, पावर लिफ्टिंग में अदिती बैरागी, कुश्ती में शिखा मालवी, समाज सेवा में रिंकु मिगलानी, कोविड केयर सेंटर संचालन में अलमास खान, कोविड संकंमितों की सेवा के क्षेत्र में डॉ. धर्मेन्द्र मरावी, जिला अधिवक्ताओं की समाज सेवा के क्षेत्र में सूर्योदय ग्रुप और निःशुल्क 3.55 लाख भोजन पैकेट के लिए बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट छिंदवाड़ा, सहकारिता के क्षेत्र में के.के. सोनी तथा 1971 के युद्ध में सहभागिता निभाने वाले शंकर लाल पाल, शिवनाथ सिंह ठाकुर, रामा अमरूदिया व रमेश चंद्र विनायक का सम्मान किया है।

**राज्यपाल ने डॉक्टर आपके वार्ड रथ को दिखाई हरी झंडी-** हम फाउंडेशन भारत और नगरपालिका निगम के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर आपके वार्ड रथ का राज्यपाल सु अनसुईया उइके ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ में बालिकाओं को महावारी से संबंधित जानकारी एक गायकोलाजिस्ट महिला डॉक्टर द्वारा दी जाएगी।

## पूर्व पार्षद पति की डुबकर मौत

**रायपुर/राजिम (आरएनएस)।** कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर के आगे बने नवागांव एनीकट में एक व्यक्ति की तैरती लाश मिली है। व्यक्ति की पहचान राजिम के वार्ड क्रमांक 03 के जितेंद्र गुप्ता तौर पर हुई है। जल से बाहर निकालने का वीडियो व्हाट्सएप एवं फेसबुक पर जैसे ही वायरल हुआ लोग तरकीब लगाते रहे यह तो राजिम के जितेंद्र गुप्ता है। शनिवार को रात तक चर्चा का माहौल गर्म था।

राजिम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जितेंद्र शुक्रवार को नहाने एनीकेट की ओर आया था। और उसके बाद वह घर नही लौटा। शनिवार दोपहर को उसकी लाश राजिम एनीकट में तैरती मिली। लोगों ने जब उसकी लाश को पानी मे तैरते देखा तो इसकी सूचना राजिम पुलिस को दी गयी। आनन फानन में राजिम पुलिस भी मौके पर पहुँची और शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंपा गया है।

राजिम पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है। और जांच के बाद ही जितेंद्र गुप्ता की मौत के कारणों का पता चल पाएगा कि क्या इसके पीछे की वजह खुदखुशी करना या गलती से पैर फिसलने या गहराई में जाने की वजह से डूबकर उनकी मौत हुई या इसके पीछे और कोई कारण भी हो सकता है।

पुलिस के सामने मामले से जुड़े कई सवाल खड़े है जिनका जवाब ढूंढे बैगर जितेन्द्र की मौत के सही कारणों का पता लगाना उनके लिए मुश्किल होगा। पहला और सबसे बड़ा सवाल तो यही है। कि जितेंद्र की मौत एक हादसा है या फिर खुदकुशी।

राजिम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जितेन्द्र के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नही थी। मृतक राजिम के वार्ड क्रमांक 03 की पूर्व पार्षद अचला गुप्ता के पति थे।

## एसीआई थ्रीडी ईपीएस मशीन से हृदय रोग के मरीजों को मिल रही राहत

**» चुनिंदा शहरों में जेएनएम मेडिकल कालेज रायपुर भी शामिल**



**रायपुर (आरएनएस)।** जहां देश में कार्पोरेट सेक्टर के अनेकों चिकित्सा संस्थान मरीजों से विशेषकर हृदय रोग के मरीजों से जमकर वसूली में शामिल है वहीं भरोसा जिंदा रहने की उम्मीद भी मरीजों के लिए राहत से कम नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार एसीईआई थ्रीडी ईपीएस मशीन जो देश के चुनिंदा शहरों में मौजूद है। जिसके जरिए हृदय रोग के इलेक्ट्रोफिजियोलाजी से संबंधित प्रकरणों में जहां हार्ट बीट रिदम में डिसआर्डर की बीमारी पाई जाती है उसमें मरीजों को त्वरित सहायता उक्त मशीन के माध्यम से मिल रही है। जानकारी के अनुसार उक्त मशीन के जरिए जम्मू एंड कश्मीर में खेबर मेडिकल इंस्टीट्यूट में 75 मामले, जम्मू एंड कश्मीर के सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल में 61 मामले एसकेआईएमएस हास्पिटल में 44 मामले चंडीगढ़ के पीजीआई हास्पिटल में 44 मामले, केरला के कुन्नूर में 22 मामले एवं छत्तीसगढ़ के पं. जेएनएम मेडिकल कालेज में 22 केरल के खोजीकोड अस्पताल में 18, चंडीगढ़ के मुकुट हास्पिटल में 14, हरियाणा के गुड़गांव स्थित मेदांता मेडिसीटी हास्पिटल में 12 एवं मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित एनसीईबी मेडिकल कालेज सुपरस्पेशिलीटी हास्पिटल में 10 मामलों में मरीजों को मिली राहत, जहां सरकारी चिकित्सा संस्थानों में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करा रही है, वहीं आज भी भरोसा जिंदा है कि उम्मीद जनमानस में एसीआई यानेकी एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट की ओर शासन का ध्यान जाए तो निजी चिकित्सा संस्थान की तुलना में आमजनों को अच्छा इलाज मिलने की संभावना बलवती है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पंडित जेएनएम मेडिकल कालेज का 6 वें स्थान पर एबीपीएमजेवाय ईपी केसेस टॉप टेन में शामिल होना जहां प्रदेश के गौरवमय क्षण है वहीं चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में अल्प संमय में ही उक्त उपलब्धि हासिल होना चिकित्सक बिरादरी के लिए भी गौरवपूर्ण अनुभूति का क्षण है।

## राज्य बंटवारे की धारा 49(6) को हटाने की मांग

**» मुख्यमंत्री से मिले पेंशनर्स फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल : राज्य बंटवारे की धारा 49(6) को हटाने की मांग की**

**» अनिवार्य सेवानिवृत्त किये गये कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल करने ज्ञापन सौपा गया**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के पेंशनरों की समस्याओं को लेकर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य सँयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव के नेतृत्व में पेंशनरो का प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंटकर मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) को तुरन्त विलोपित करने हेतु जरूरी कार्यवाही करने की मांग की तथा पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अनिवार्य सेवानिवृत्त किये गये कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल करने ज्ञापन दिये।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने त्वरित जरूरी कार्यवाही करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधि मंडल में प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ, पेन्शनर एसोसिएशन, पेंशनधारी कल्याण संघ और भारतीय राज्य पेंशनर्स महा संघ के प्रतिनिधि कंमशः लोचन पाण्डे, मति विद्यादेवी साहू,अनिल पाठक और नागेन्द्र सिंह शामिल थे।प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बीते 21 वर्षो में मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित कराने में दोनों राज्य सरकारों ने रुचि नहीं ली, जिसका खामियाजा राज्य के पेन्शनर भगत रहे है। मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम के छटवीं अनुसूची की धारा 49 को विलोपित कर पेंशनरी दायित्व का बंटवारा आपस मे नही होने के कारण नियमो की बाध्यता के तहत 74 प्रतिशत राशि का भुगतान मध्यप्रदेश सरकार को और 26 प्रतिशत राशि का भुगतान छत्तीसगढ़ सरकार को मध्यप्रदेश के अनुमानित 05 लाख और छत्तीसगढ़ के 01लाख पेंशनरों को इसतरह कुल 06 लाख से अधिक पेंशनर और परिवारिक पेंशनरों मिलकर करना होता है इसके लिए दोनो राज्य सरकारों में आपसी सहमति नही होने पर कोई भी भुगतान करना सम्भव नही हैं और इसी भुगतान के खेल में छत्तीसगढ़ सरकार को इन 21 वर्षो में अरबो रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जो लगातार जारी हैं। उदाहरण देते हुये बताया गया कि प्रत्येक पेंशनर को नियमानुसार 74प्रतिशत राशि मध्यप्रदेश द्वारा और 26त्नराशि छत्तीसगढ़ द्वारा दिया जाना है अर्थात 100 रुपये में 6 लाख पेंशनर को मध्यप्रदेश से 74त्नऔर इन्ही सभी पेंशनरों को 26त्न छत्तीसगढ़ सरकार के खजाने से देने पड़ेंगे। हिसाब लगाने पर इसमें मध्यप्रदेश को 44 करोड़ 44 लाख व्यय करना पड़ेगा और छत्तीसगढ़ सरकार को 1करोड़ 56 लाख व्यय होगा।परन्तु यदि मध्यप्रदेश अपने 5 लाख पेंशनर को 100 प्रतिशत भुगतान करता है उसे 5 करोड़ और छत्तीसगढ़ सरकार अपने 1 लाख पेंशनरों के केवल 1 करोड़ खर्च करने होंगे। इसतरह केवल 100 रुपये के भुगतान मे ही छत्तीसगढ़ शासन को 56 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। इसीलिए मध्यप्रदेश सरकार जानबूझकर 20 साल से पेंशनरी दायित्व को टालते आ रही है। इस मामले पर मुख्यमंत्री से इसे संज्ञान में लेकर राज्य के पेंशनरों के हित को ध्यान में रखकर राज्य सरकार के खजाने में लगातार हो रही हानि को भी ध्यान में रखते हुये मामले के निपटारे में त्वरित कार्यवाही की मांग की। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अनिवार्य सेवानिवृत्त किये गये कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल करने की मांग पर भी ज्ञापन दिया गया।

## गबन के मामलें में तीन साल से फरार सरपंच गिरफ्तार

**» लाखों रुपये गबन करने का है आरोप**

**जशपुर (आरएनएस)।** जशपुर में पुलिस न रविवार को गबन के एक मामलें में संलिप्त सरपंच को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सरपंच पिछले तीन साल से फरार था। सरपंच ने सचिव के साथ मिलकर 6.20 लाख रुपए से ज्यादा के विकास कार्य की राशि हड़प ली थी। दोनों आरोपियों ने पहले बिना प्रस्ताव पास कराए, रुपए खाते से निकाल लिए। फिर निर्माण कार्य की राशि का भी गबन कर लिया था।

मामला मनोरा ब्लॉक का है। मनोरा जनपद के तत्कालीन सीईओ योगेंद्र श्रीवास ने फरवरी 2018 में ग्राम पंचायत कांटाबेल के सरपंच लक्ष्मण राम और सचिव के खिलाफ शासकीय राशि में अनियमितता को लेकर एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया था कि नवंबर 2015 से अप्रैल 2017 तक सरपंच और सचिव ने मिलकर लाखों रूपए का गबन किया है। ग्रामीणों और पंचों की शिकायत पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार मनोर परमेश्वर मंडावी और पंचायत निरीक्षक माधव शर्मा से जांच कराई थी। जिसके बाद से आरोपी सरपंच फरार चल रहा था। वहीं मामलें का दूसरा आरोपी सचिव की जांच के दौरान ही मौत हो चुकी है।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा

**रायगढ़ (आरएनएस)।** तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद हिंद फौज के नेतृत्व कर्ता, भारतरत्न नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को जिला कांग्रेस कमेटी में रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक, रायगढ़ नगर निगम की महापौर जानकी काटजू और कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहर अनिल शुक्ला की अगुवाई में मनाया गया। सर्वप्रथम रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काटजू, जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने मिलकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात सभी उपस्थित कांग्रेस जनों ने भी एक-एक कर अपनी-अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

उसके पश्चात छत्तीसगढ़ के किसान पुत्र, जन-जन में लोकप्रिय, छत्तीसगढ़ की संस्कृति के उद्धारक, छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष, छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी के जन हितेषी कार्यो से प्रभावित होकर और युवाओं के प्रेरणा स्रोत, रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक के विकास कार्यो से प्रभावित एवं रायगढ़ नगर निगम की महापौर जानकी काटजू के द्वारा रायगढ़ नगर निगम में किए गए जन कल्याणकारी कार्यो से प्रभावित एवं रायगढ़ शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला के संगठनात्मक क्षमता के परिणाम स्वरूप सैकड़ों युवाओं ने आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर कांग्रेस का दामन थामा। सभी युवाओं को रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काटजू, जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष शहर दीपक पांडेय, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि अशरफ खान सब ने मिलकर कांग्रेस का गमछा पहनाकर सभी युवाओं को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

**युवा शक्ति अदम्य शक्ति का परिचायक है- प्रकाश नायक**

सभा को रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि, सर्वप्रथम मैं आज महान कंतिकारी, युवाओं में जोश भरने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस को उनकी जयंती पर सादर नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उसके बाद मैं कहना चाहूंगा कि छत्तीसगढ़ में हमारे माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है सभी लोग खुशहाल हैं और प्रदेश को लगातार देश स्तर में पुरस्कृत भी किया जा रहा है जो साक्षात प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है। इन सभी से प्रभावित होकर लगातार आम जनता का रुझान कांग्रेस पार्टी के प्रति बढ़ता ही जा रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण आज के इन युवाओं द्वारा किया जा रहा काँग्रेस प्रवेश है। इस कंम को हमें बरकरार रखना है। मैं सभी को काँग्रेस पार्टी में स्वागत करता हूँ और आशा करता हूँ कि, आप सभी युवा मिलकर काँग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपनी उर्जा का इस्तेमाल करेंगे। जिससे पार्टी और संगठन मजबूत बने। युवा ही ऐसी शक्ति है जो जिस तरफ होती है उसका पलड़ा हमेशा भारी होता है। मुझे खुशी है कि आप युवाओं ने हमारी पार्टी को चुना।

**युवा ही देश की रीढ़ है- जानकी काटजू**

उसके पश्चात सभा को रायगढ़ नगर निगम की महापौर जानकी काटजू ने भी संबोधित करते हुए कहा कि, आज भारत के महान सपूत नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर मैं अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ और साथ ही साथ आज के इस शुभ अवसर पर काँग्रेस पार्टी में प्रवेश कर रहे सैकड़ों युवाओं का मैं काँग्रेस पार्टी में स्वागत करती हूँ। आप आइए और काँग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करिए। जहाँ भी हम लोगों की जरूरत पड़े, काम पड़े हमें बेझिझक बताइए। हम हर संभव आपकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इन्हीं बातों के साथ में पुनः एक बार आप सभी को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ।

**देश को अगर कोई बचा सकता है तो वह है देश के युवा- अनिल शुक्ला**

सभा को जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि, आज बड़ा ही शुभ दिन है क्योंकि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है। सबसे पहले मैं उन्हें नमन करता हूँ और आज ही सैकड़ों युवाओं ने हमारे छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री के विकास कार्यो, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के युवाओं प्रति अच्छी सोच और रायगढ़ नगर निगम की महापौर जानकी काटजू के द्वारा निगम स्तर में किए गए विकास कार्यो से प्रभावित होकर इन युवाओं ने काँग्रेस पार्टी का दामन थामा है। मैं सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ और मैं कहना चाहता हूँ कि, देश आज जिस स्थिति में पहुंच गया है, उसको अगर कोई बचा सकता है या बना सकता है तो वह है देश का युवा। काँग्रेस सबसे पुरानी पार्टी है। जिसने देश की आजादी में भी सबसे बड़ा योगदान दिया। कांग्रेस के 70 सालों के विकास फलस्वरुप आज भारत विकसित और विश्व स्तर के देशों में नाम शुमार हो पाया है। आज की बीजेपी सरकार भाई को भाई से लड़ा रही है। हिंदू-मुस्लिम का खेल खेल रही है। साथ ही देश की संपदा को ही बीजेपी बेचने का काम कर रही है। कुछ पूंजीपति साथियों को देश की संपदा बेचते जा रही है। आप युवा अगर अपने आप को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के तौर पर महसूस कर देखें तभी बीजेपी के मंसूबों को आप समझ पाएंगे और देश की विरासत को बचा पाएंगे।

आज जिन लोगों ने काँग्रेस पार्टी का दामन थामा। उनमें अल्ताफ खान, राज आमीन, आसिफ हार्मनी, शाहबाज खान,अयान खान,जुनैद खान,अब्दुल मोहसीन, मो. काजिम, मो. फारुख, मो. असरार, मो. रिजवान, जावेद साबरी, मो. अबरार, कलीम रजा, जुबेर अली, मिर्जा अंसार, मो. सलमान, पुरद्दीन खान, मिर्जा सुल्तान, कामरान खान, रेहान वारसी, शेख मोहम्मद, आरिफ खान, शेरा खान, मो. कैफ, अल्ताफुद्दीन, शेख मोहम्मद जुहैद, शेख मोहम्मद, मीत वर्मा, शाहबाज खान, मोहम्मद पुंज, अजहरुद्दीन, मो. अर्स, मो. समद, नदीम सरवर, शहजाद अनवर, अजहर खान, सोनू वर्मा, मनमीत सिंह, मो. तबरेज, मो. फरीद, फहीम रजा, मो. राजा, मो. शबीर खान, हेमंत देवांगन, मो. शाहवाज खान सहित सैकड़ों युवाओं ने काँग्रेस प्रवेश किया।

कार्यकंम का मंच संचालन जिला कांग्रेस कमेटी शहर के प्रभारी महामंत्री शाखा यादव द्वारा किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480